# प्रदेश के 40 जिलों में झमाझम बरसात

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 4 जुलाई. मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं.**

सीहोर के आष्टा क्षेत्र में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि हरदा, खंडवा, सीहोर और उज्जैन समेत कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं और कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है. मौसम विभाग के अनुसार इंदौर में ढाई इंच से अधिक, मंडला में 2.2 इंच, खंडवा में पौने दो इंच और भोपाल में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश के कारण खंडवा के ग्राम गरबड़ी में नाला उफान पर आ गया, जिससे खिरकिया

मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया. प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और जलमग्न पुल-पुलियों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा मौसम विभाग की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है. प्रदेश में अब तक औसतन 135.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो सामान्य से 13 प्रतिशत कम है. हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जुलाई में मानसून पूरी ताकत से सक्रिय रहेगा और इस महीने प्रदेश की कुल मानसूनी बारिश का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होने की संभावना है.

> हरदा में कालीमाचक नदी का पानी पुल से तीन फीट ऊपर बहने के कारण नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद करना पड़ा. सीहोर के आष्टा क्षेत्र में पार्वती, पपनास और नेवज नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में घरों और खेतों में पानी भर गया. वहीं पांढुर्णा, खरगोन और बालाघाट में भी जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ है. उज्जैन में शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे बने कई मंदिर जलमग्न हो गए. मौसम विभाग ने शनिवार को खंडवा और हरदा सहित 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

इससे जून में हुई वर्षा की कमी काफी हद तक पूरी हो सकती है.

## मुख्यमंत्री से मिले सुजलान ग्रुप के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सुजलॉन ग्रुप के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अजय कपूर ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की. सुजलॉन ग्रुप द्वारा नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर एनर्जी तथा विंड एनर्जी के क्षेत्र में परियोजनाऐं संचालित की जा रही हैं. सुजलॉन ग्रुप उज्जैन जिले की तराना तहसील में 200 मेगावाट की विंड एनर्जी परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सीईओ सुजलॉन ग्रुप कपूर ने प्रदेश में विंड एनर्जी परियोजना के विस्तार तथा हाइब्रिड क्षमता में वृद्धि संबंधी चर्चा की.

# 10 संभागों में शिक्षक तैयार करेंगे ई-कंटेंट

**उच्च शिक्षा विभाग की पहल**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई. प्रदेश में दूरदराज के क्षेत्रों में बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये उच्च शिक्षा विभाग ने नया कदम उठाया है. विभाग ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिये राज्य के 10 संभागों में आधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना की है.**

जहां उच्च स्तर की रिकॉर्डिंग और ई-कंटेंट तैयार करने की विशेष सुविधा दी गई है. बता दें इस पहल के माध्यम से विद्यार्थी मुख्य विषयों के साथ अन्य संकायों के विषयों की भी पढ़ाई आसानी से कर सकेंगे. वहीं इस

पूरी योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय ने राज्य के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों और विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को निर्देश जारी कर दिये हैं. जिसके तहत ई-कंटेंट निर्माण के कार्य में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यरत इच्छुक शिक्षक, प्रोफेसर, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और जनभागीदारी शिक्षक अपनी सहभागिता दे सकते हैं. विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जो भी शिक्षक इस डिजिटल मुहिम का हिस्सा बनकर ई-कंटेंट तैयार करना चाहते हैं, वे 8 जुलाई तक निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी सबमिट कर सकते हैं.

> इसके लिए पूर्व में जारी सूची में शामिल शिक्षक सीधे गूगल लिंक का उपयोग कर फॉर्म भर सकेंगे. इसके अलावा विश्वविद्यालयों के शिक्षक अपने कुलसचिव से और कॉलेजों के प्राध्यापक अपने संबंधित कॉलेज के प्राचार्य या क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के माध्यम से इस गूगल फॉर्म की लिंक प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं.

# मानसेवी शिक्षकों का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**07** जुलाई तक किए जा सकेंगे आवेदन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान द्वारा विभिन्न विषयों में मानसेवी शिक्षकों का पैनल तैयार करने के लिये आवेदन प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दी गई है.**

प्रशासनिक कारणों से बंद हुए इस पोर्टल को अब 3 जुलाई से खोल दिया गया है. जिसमें 7 जुलाई की शाम 5 बजे तक आवेदन किये जा सकेंगे. ऐसे में जो योग्य उम्मीदवार पूर्व में

आवेदन करने से चूक गए थे, वे संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं.

संस्थान द्वारा कंप्यूटर विज्ञान, भौतिकशास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, वाणिज्य और प्रबंधन सहित कुल 22 अलग-अलग विषयों के लिए यह वरीयता सूची तैयार की जानी है. आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि होनी अनिवार्य है. इसके साथ ही अभ्यर्थी का नेट, सेट या पीएचडी उत्तीर्ण होना आवश्यक है. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से दिव्यांग आवेदकों को न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. जो शिक्षक शैक्षणिक सत्र 2026 के अंत तक संस्थान में कार्यरत रहे हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

## केंद्रीय विद्यालय में एक हजार पौधे रोपे गए

**भोपाल.** 3 ईएमई सेंटर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वन महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया. महापौर मालती राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने प्राचार्य, शिक्षक तथा विद्यार्थियों के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया. क्षेत्रीय पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, कुलदीप खरे, प्राचार्य मनीष तुली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे.कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 1 हजार पौधे रोपित किए गए. महापौर मालती राय ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और पौधों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने की जरूरत है.

# साइबर अपराधियों से निपटना चुनौती

▸ पुलिस आयुक्त ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 4 जुलाई. साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरुकता को लेकर पुलिस आयुक्त संजय कुमार की अगुवाई में संचालित 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के अंतर्गत शनिवार को आर.डी. मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में व्यापक साइबर जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया.**

अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के नवीन तरीकों से अवगत कराते हुए सुरक्षित

डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, विशिंग, स्मिशिंग, फर्जी निवेश योजनाएं, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, यूपीआई एवं क्यूआर कोड फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, ओटीपी एवं बैंकिंग गोपनीय जानकारी की सुरक्षा सहित विभिन्न साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में साइबर अपराधियों ने निपटना पुलिस के लिए बहुत बड़ी चुनौती है. इसे सजगता एवं जागरूकता से ही इसे रोका जा सकता है. उन्होंने छात्र-छात्र एवं शिक्षकों से कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल या बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें. इस अवसर पर लगभग 1500 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संकल्प लिया.

> कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार, पुलिस उपायुक्त क्राइम/जोन 01 अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 01 रश्मि अग्रवाल दुबे, सहायक पुलिस आयुक्त टीटी नगर अंकित खातरकर, थाना प्रभारी रातीबड़ उप निरीक्षक रास बिहारी शर्मा, उप निरीक्षक गौरव पांडेय,उप निरीक्षक रमन शर्मा क्राइम उप निरीक्षक सृष्टि गुप्ता सहित थाना रातीबड़ पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे.

# एम्स में नई पार्किंग हुई बंद

खबर का असर

पार्किंग की छत से टपक रहा पानी
एम्स की नई पार्किंग में जगह-जगह रिसाव

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई.एम्स भोपाल में महीने भर पहले ही करोड़ों की लागत से नई पार्किंग तैयार की गई थी. इस बीच 25 जून को नवभारत रिपोर्टर ने एम्स की पर्किंग में टपकती हुई छत देखी थी. जिसके कारण वहां वाहन पार्क करने वाले लोगों की गड़ियां भीग रही थीं.**

नई पार्किंग की छत टपकने की खबर नवभारत में प्रकाशित

की गई थी. जिस पर एम्स प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नई पार्किंग में वाहन खड़े करने पर फिलहाल के लिये रोक लगा दी है. जिस पर असपताल अधीक्षक डॉ.विकास गुप्ता का कहना है कि पार्किंग की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिये कार्य जारी है. करीब 10 दिनों के अंदर ही पार्किंग की छत से पानी के रिसाव के साथ मरीजों और स्टॉफ के लिये पार्किंग व्यवस्था ठीक की जायेगी.

# 'बड़े भाई साहब' नाटक ने दी समझदारी की सीख

निज संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. शाहपुरा स्थित पटेल भवन में शनिवार शाम 'दी आर्ट रिवोल्यूशन' के अंतर्गत भूमिका नाट्य संस्था द्वारा प्रसिद्ध कहानी 'बड़े भाई साहब' का मंचन किया गया. मुंशी प्रेमचंद की रचना पर आधारित इस नाटक का निर्देशन गोपाल दुबे ने किया.**

नाटक में दो भाइयों के जीवन के माध्यम से पढ़ाई और व्यावहारिक समझ के बीच संतुलन का संदेश दिया गया. बड़े भाई का किरदार आशीर्वाद झा ने गंभीरता और अनुशासन के साथ निभाया, वहीं छोटे भाई की भूमिका उद्देश्य अगरैया ने

चंचलता और सहजता के साथ प्रस्तुत की.दोनों कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा. कहानी में बड़े भाई के अनुशासन और छोटे भाई की मस्ती के बीच का अंतर दिखाया गया है, जहां अंत में यह संदेश उभरकर सामने आता है कि केवल किताबों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन की समझ अनुभव और खेलकूद से भी आती है. अन्य कलाकारों में रंजीत ठाकुर, गौरव रघुवंशी और कार्तिक वानखेड़े ने भी अपनी भूमिकाओं को सजीव बनाया.

# प्रदेश में 1 करोड़ 6 लाख बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक

**भोपाल, 4 जुलाई. प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल संचालन 28 से 30 जून तक किया गया. अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 करोड़ 6 लाख 51 हजार 737 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई.**

अभियान के सफल संचालन में प्रदेश के समस्त जिलों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय, प्रभावी सूक्ष्म योजना, सुदृढ़ मॉनिटरिंग एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया गया.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से लेकर घर-घर भ्रमण तक व्यापक व्यवस्थाएं की गईं. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता पोलियो उन्मूलन के प्रति प्रदेश की दृढ़ प्रतिबद्धता, स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण तथा जनसहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है.


**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरींग कार्य**

ई-निविदा सूचना सं.: 11, वर्ष 2026-27, दिनांक : 03.07.2026

| क्रम सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | NIT की अनुमानित लागत (₹) | ईएमडी राशी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | डीआरएम-एडीआई-89-2026-27 | वरिष्ठ मण्डल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के क्षेत्राधिकार आधिन जखवाडा अंतर्गत 3-मीटर चौडे एवं छारोडी अंतर्गत 6-मीटर चौडे FOBs का प्रावधान तथा NSG-2 से NSG-6 एवं HG-3 स्टेशन अंतर्गत संबंधित कार्य सहित दिव्यांगजन सुविधाओं का सुधार करने का कार्य। | 11,00,39,445.89 | 22,00,800.00 |
| 02 | डीआरएम-एडीआई-90-2026-27 | विरमगाम - सामाखियाली अनुभाग - वरिष्ठ मण्डल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के क्षेत्राधिकार आधिन प्रमुख स्टील गर्डर पुलों पर H-बीम स्लीपर्स का थ्रु ब्रिज स्लीपर रिन्युअल करने का कार्य। | 8,17,64,917.4 | 16,35,300.00 |
| 03 | डीआरएम-एडीआई-91-2026-27 | वरि. DEN (S) - अहमदाबाद (फेज-II) के क्षेत्राधिकार में पांच वर्षों की समयावधि के लिए उनके रखरखाव सहित ठेकेदार के स्वयं के ट्रैक आधारित गेज फेस रेल लुब्रिकेटर्स द्वारा कर्व्स (1.25 डिग्री से अधिक) का लुब्रिकेशन करने का कार्य। | 3,56,61,369.6 | 7,13,200.00 |
| 04 | डीआरएम-एडीआई-92-2026-27 | वडनगर अंतर्गत प्लेटफोर्म का विस्तार और अन्य सहायक कार्य। | 5,14,15,344.89 | 10,28,300.00 |
| 05 | डीआरएम-एडीआई-93-2026-27 | वरि. मण्डल अभियंता (NW) - अहमदाबाद, सहायक मण्डल अभियंता - गांधीधाम आधिन 2026-2027 के ब्रिज झोन सं. 20A सामाखियाली-गांधीधाम-कंडला पॉर्ट-भुज अनुभाग के लिए रू. 5 लाख तक के सामान्य और मिश्र मरम्मत के कार्य। (पुनःआमंत्रित) | 97,21,151.67 | 1,94,400.00 |
| 06 | डीआरएम-एडीआई-94-2026-27 | साबरमती - मण्डल अभियंता (वर्क्स) अहमदाबाद आधिन MDDTI-SBI अंतर्गत सम्बद्ध कार्यो सहित नर्सिंग स्टेशन सहित नये पिडियाट्रिक वॉर्ड, फिजियोथेरापी वॉर्ड के प्रावधान और कंप्युटर आधारित परिक्षण केंद्र के प्रावधान के लिए मण्डल अस्पताल, साबरमती का विस्तार करने का कार्य। (संमिश्रित निविदा) | 6,49,38,201.38 | 12,98,800.00 |
| 07 | डीआरएम-एडीआई-95-2026-27 | अहमदाबाद स्टेशन विस्तार - स्टेशन विस्तार के लिए (दो वर्षो के लिए) अंडरग्राउंड नाली की मरम्मत एवं सफाई करने का तथा मेनहॉल्स की गाद निकालने का कार्य। | 14,00,544.92 | 28,000.00 |

ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : दिनांक : 04/08/2026 को 15:00 बजे । कार्यालय का पताः वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय)-अहमदाबाद, मं.रे.प्र. कार्यालय, चामुंडा ब्रिज के पास, न्यु स्वदेशी मील के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345, ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट: www.ireps.gov.in

ADI-090

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly


# टीटीई की सतर्कता से मासूम बच्ची परिजनों से मिली

**भोपाल, 4 जुलाई . पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में टीटीई साकिब खान की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से ट्रेन में बिछड़ी एक मासूम बच्ची सुरक्षित अपने परिजनों से मिल गई.**

गाड़ी संख्या 11408 लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस के इटारसी से रवाना होने के बाद एस-9 कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री ने टीटीई को बताया कि उनकी छोटी बच्ची ट्रेन में नहीं है. सूचना मिलते ही साकिब खान ने तुरंत वाणिज्य नियंत्रण को

घटना की जानकारी दी. कुछ देर बाद सूचना मिली कि इटारसी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को एक बच्ची सुरक्षित मिली है. टीटीई ने जीआरपी से संपर्क कर बच्ची की पहचान कराई, जिससे पुष्टि हुई कि वह उसी यात्री की बेटी है. इसके बाद आवश्यक मेमो जारी कर हरदा स्टेशन पर बच्ची के पिता को ट्रेन से उतरवाया गया. वहां से वे दूसरी ट्रेन से इटारसी पहुंचे और अपनी बच्ची को सकुशल अपने साथ ले गए. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने टीटीई साकिब खान की सूझबूझ, त्वरित निर्णय क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह घटना रेलवे कर्मचारियों की यात्रियों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा और सहायता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है.

## बेगमगंज में तीन स्थानों पर गिरी बिजली

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 4 जुलाई.** शनिवार शाम करीब 4 बजे नगर में तीन स्थानों हनुमान बाग अंबिका पैथोलॉजी के पास मोबाइल टॉवर पर आकाशीय बिजली गिरने से टॉवर में लगी लाल लाइट चकनाचूर होकर बिखर गई और दो मशीनें जल गई जिससे 2 लाख की हानि होना बताया गया है. वहीं टॉवर की जड़ में बिजली धसती हुई भूमि के अंदर समा गई.

वहीं वर्षों से बंद पड़ी अजंता टॉकीज के ऊपर लगे ताड़ित चालक और भोपाल रोड पर चकला नाले के पास प्रकाश पटेल पैट्रोल पंप के पास भी गिरी. नगर में 20 से 25 टीवी, फ्रिज जलने की शिकायत बिजली कंपनी को मिली है. वही मनोज गुप्ता की बड़ी एलईडी टीवी जल गई.

## टैलेंट सर्च ट्रायल्स में दिखी खिलाड़ियों की दमदार मौजूदगी

खेल प्रतिनिधि.

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के टैलेंट सर्च 2026-27 अभियान के तहत शनिवार को भोपाल और झाबुआ में आयोजित चयन ट्रायल्स में 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. बॉक्सिंग, बैडमिंटन और तीरंदाजी के इन ट्रायल्स में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और फिटनेस का प्रदर्शन किया. चयनित खिलाड़ियों को राज्य खेल अकादमियों में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा. टी.टी. नगर स्टेडियम में बॉक्सिंग ट्रायल्स में सबसे ज्यादा 148 खिलाड़ी उतरे, जिनमें 84 बालक और 64 बालिकाएं शामिल रहीं. वहीं बैडमिंटन ट्रायल्स में 70 खिलाड़ियों ने अपनी दावेदारी पेश की. झाबुआ में तीरंदाजी के ट्रायल्स में 22 खिलाड़ियों ने निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया.


**Change of Name**

I Nasir Khan, resident 308, Gautam Nagar, Bhopal hereby inform the general public that my daughter's Aadhar (No.506343704719) carries the name of IFZA NASIR KHAN which is incorrect. My daughter correct name is IFZAH NASIR KHAN. Both names belong to same person, therefore my daughter should be known by name IFZAH NASIR KHAN in all government documents.

RN-62316

**NAME CHANGE**

I, Ghatge Ramesh Udaysinh, father of Master HARSHIIV SINH GHATGE, hereby declare that the spelling of my son's name has been recorded as "Harshiv Sinh Ghatge" in educational records. Correct spelling of his name is "HARSHIIV SINH GHATGE ". Henceforth, "HARSHIIV SINH GHATGE " be treated as official name for all purposes, including school records, CBSE records, educational certificates, and all other official documents.

**रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)**

कबीर धाम आश्रम के सामने, के.वी. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर फोन नं.07582299604 E-mail - hegc.newraniavsag@mp.gov.in

**विजिटिंग फैकल्टी हेतु विज्ञापन**

रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम- बी.एससी कृषि, विधि, विज्ञान, कला, एवं क्रीड़ा इत्यादि विषयों पर अस्थाई तौर पर अध्यापन कार्य हेतु विजिटिंग फैकल्टी के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों के आवेदन दिनांक 18/07/2026 शाम 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.ralvv.mp.gov.in पर उपलब्ध है.

कुलसचिव

tifr HBCSE

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

**भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27**

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।

**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**

IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी 29 जून 2026 से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइटः https://ioqm.mtai.org.in/

पंजीकरण की अंतिम तिथिः 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627

**भारतीय स्टेट बैंक** होम लोन सेन्टर-1, द्वितीय तल, व्यवसायिक शाखा बिल्डिंग, एलएचओ भवन के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल-11. फोन: 2575170, 2575192

होम लोन सेन्टर-1

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस**

**ई-नीलामी की दिनांक: 20.07.2026, समयः सुबह 11.00 से 5.00 बजे**

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा कॉलम ग में नीचे वर्णित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' एवं बिना किसी विधिक दायित्व के निम्न-लिखित उधार लेने वालों और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूति लेनदार को बकाया राशि कॉलम ख में नीचे वर्णित की वसूली हेतु दिनांक 20.07.2026 को बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि कॉलम घ में क्रमशः नीचे वर्णित है।

| ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | विक्रय सम्पत्ति पर बकाया राशि | सम्पत्ति का विवरण एवं टाइटल धारक का नाम | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **श्री बबन इंगोले पुत्र श्री रामा इंगोले** पता: 1. डुप्लेक्स नं. 24बी (कार्नर), ओनेक्स पैलेस, राजकमल पब्लिक स्कूल के पास, ग्राम- गेंहूखेड़ा, तहसील-हुजूर, भोपाल (म.प्र.) 2. डी-13, कस्टम कॉलोनी, राजहर्ष कॉलोनी, खाटू श्याम मंदिर के पास, कोलार रोडभोपाल, पिन - 462042 | रू. 15,94,448.00 +ब्याज+अन्य खर्च | आवासीय डुप्लेक्स नं. 24बी (कॉर्नर) ,ओनेक्स पैलेस, राजकमल स्कूल के पास, ग्राम गेनहुखेड़ा, ग्राम पंचायत- बैरागढ़ चिचली, तहसील- हुजूर, भोपाल (म.प्र.), प्लाट क्षेत्र 861 वर्ग फीट (80.01 वर्ग मीटर), खसरा नं. 40/1/11, पटवारी हल्का नं. 38, रा.नि.मं. 4, विकासखंड - फंदा के एक भाग पर निर्मित, सीमाऐं (विक्रय विलेख अनुसार): पूर्व में -डुप्लेक्स नं. 15-बी, पश्चिम में -20 फीट रोड, उत्तर में-डुप्लेक्स नं. 23-बी, दक्षिण में -कॉलोनी रोड। संपत्ति मालिक : श्री बबन इंगोले पुत्र श्री रामा इंगोले। **संपत्ति आईडी : SBIN72258083375** | रू. 28,80,000/- / रू.2,88,000/- / रू. 25,000/- |
| **श्री गौरव श्रीवास्तव पुत्र श्री विमल श्रीवास्तव** पता: 1.मकान नं. 60. वास्तु विहार कॉलोनी, ट्यौर नगर के पास, खजूरी कलां रोड, पिपलानी, भोपाल (म.प्र.) 2. मकान नं. डायमंड-602. निखिल बंगलोस, जाटखेड़ी, भोपाल | रू. 5,61,943.00 +ब्याज+अन्य खर्च | आवासीय प्लाट नं. 259, टॉप ड्रीम सिटी, ग्राम गढ़मुर्रा, तहसील-हुजूर, भोपाल (म.प्र.), फ्लेट का क्षेत्रफल 117.25 वर्ग मीटर (1261 वर्ग फुट)। खसरा नं.209, 277 का भाग, कुल क्षेत्रफल 4.040 हेक्टेयर, पटवारी हल्का नं. 12/18, हुजूर, भोपाल, सीमाऐं (विक्रय विलेख अनुसार): पूर्व -कॉलोनी रोड, पश्चिम -प्लाट नं. 258, उत्तर -कॉलोनी रोड, दक्षिण- अन्य की भूमि संपत्ति मालिक : श्री गौरव श्रीवास्तव पुत्र श्री विमल श्रीवास्तव। **संपत्ति आईडी : SBIN85780341541** | रू. 6,04,000/- / रू.60,400/- / रू. 25,000/- |
| **श्री देवेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुरेश प्रसाद मिश्रा** पता:1. फ्लैटनं.403, सिद्धार्थ टॉवर-2, चतुर्थ तल, कोलार रोड, ग्राम- गेंहूखेड़ा, भोपाल (म.प्र.) 2.फ्लैट नं.टी-2/बी-2/134, निरुपम रॉयल पाम, जाटखेड़ी, भोपाल (म.प्र) 3.308, स्वास्तिक एंटरप्राइजेज, कॉर्पोरेटजोन, तृतीय तल, सी-21 मॉल, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल (म.प्र) | रू. 20,53,092.00 +ब्याज+अन्य खर्च | आवासीय फ्लेट नं. 403, चतुर्थ तल, सिद्धार्थ टावर-2, ग्राम गेंहुखेड़ा, कोलार रोड, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल :71.88 वर्ग मीटर, बहुमंजिला इमारत में निर्मित, खसरा नं.187 का हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 0.100 हेक्टेयर, पटवारी हल्का नं. 28, रा.नि.मं.-03, विकास खंड-फंदा, हुजूर, भोपाल, सीमाऐं (विक्रय विलेख अनुसार): पूर्व - फ्लेट नं. 404, पश्चिम - खुला क्षेत्र, उत्तर - गलियारा, दक्षिण - खुला क्षेत्र, संपत्ति मालिक : श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुरेश मिश्रा। **संपत्ति आईडी : SBIN86316235017** | रू. 17,96,000/- / रू.1,79,600/- / रू. 25,000/- |

1. सम्पत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है और जो है'' के आधार पर बेचा जाएगा। 2. उपर उल्लिखित सम्पत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। विक्रय की विस्तृत शर्तो के लिए वेबसाइट https://bank.sbi/-in-the-news/auction-notices/bank-e-auctions & https://www.baanknet.com/

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीदारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक ई-नीलामी वेब पोर्टल www.baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्ट्रेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें । संपत्ति से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। ई-नीलामी **'जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है'** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी । ई-नीलामी की प्रक्रिया बैंक द्वारा संचालित की जावेगी ।

**निरीक्षण दिनांक 17.07.2026** समय सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक (पूर्व में लिए समय अनुसार) 1) 06 दिन पहले रजिस्ट्रेशन एवं ईएमडी राशि वॉलेट में ई-नीलामी की दिनांक से 2 दिन पूर्व जमा करना, सुनिश्चत करें, 2) रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी के लिए 8291220220, ई-मेल : support.baanknet@psballiance.com

**यह प्रकाशन ऋणी/जमानतदारों/बंधनकर्ताओं को 15 दिवसीय की सूचना भी है।**

नो